भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1705

उत्तर देने की तारीख: 02.03.2020

स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत शौचालय

1705. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश भर में विद्यालयों में राज्य-वार कुल कितने शौचालयों का निर्माण किया गया है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त, 2014 को की गई घोषणा के प्रत्युत्तर में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक वर्ष के भीतर अर्थात 15 अगस्त, 2015 तक सभी सरकारी स्कूलों में छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय उपलब्ध कराने हेतु स्वच्छ विद्यालय पहल शुरू की थी। इस पहल के तहत, जैसाकि राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों ने सूचित किया है, 2,61,400 सरकारी प्रारंभिक और माध्यमिक स्कूलों में 4,17,796 शौचालयों का निर्माण/पुनर्निर्माण पूरा कर लिया गया है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण संलग्नक में दिए गए है।

*****

<u>संलग्नक</u>

'स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत शौचालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री गोपाल शेट्टी द्वारा दिनांक 02.03.2020 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1705 के भाग (क) और (ख) में संदर्भित विवरण

स्वच्छ भारत: स्वच्छ विद्यालय पहल (एसवीआई) के तहत निर्मित स्कूल शौचालयों की राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार संख्या दर्शाने वाला विवरण-

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एसवीआई के तहत निर्मित/पुनर्निर्मित शौचालयों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	71
2	आंध्र प्रदेश	49,293
3	अरुणाचल प्रदेश	3,492
4	असम	35,699
5	बिहार	56,912
6	चंडीगढ़	0
7	छत्तीसगढ़	16,629
8	दादरा और नगर हवेली	78
9	दमन और दीव	16
10	दिल्ली	0
11	गोवा	138
12	गुजरात	1,521
13	हरियाणा	1,843
14	हिमाचल प्रदेश	1,175
15	जम्मू और कश्मीर	16,172
16	झारखंड	15,795
17	कर्नाटक	649
18	केरल	535
19	लक्षद्वीप	0
20	मध्य प्रदेश	33,201
21	महाराष्ट्र	5,586
22	मणिपुर	1,296
23	मेघालय	8,944
24	मिजोरम	1,261
25	नागालैंड	666
26	ओडिशा	43,501
27	पुडुचेरी	2
28	पंजाब	1,807
29	राजस्थान	12,083
30	सिक्किम	88
31	तमिलनाडु	7,926
32	तेलंगाना	36,159
33	त्रिपुरा	607
34	उत्तर प्रदेश	19,626

35	उत्तराखंड	2,971
36	पश्चिम बंगाल	42,054
	कुल	**4,17,796**